हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

04 खेल पखवाड़े के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती...



07 अक्षय तृतीया के पर्व पर हजारों युवक युवतियां विवाह के बंधन में बंधेंगे





## समाचार संक्षेप

### शांति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, नयन ने 98.6% अंक के साथ किया टॉप

**गुना (हरिभूमि न्यूज)।** शांति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा । अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जो हमारी निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को दर्शाता है।इस उपलब्धि में विशेष गौरव का विषय यह है कि नयन जैन ने 98.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उसकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास सराहनीय हैं।यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।यह उपलब्धि एक बार फिर हमारे विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यालय के टॉप स्कोरर्स के नाम अग्रलिखित हैं . नयन जैन 98.6%, दीक्षा भार्गव 96.6%, देव धाकड़ 96%, विनायक जोशी 95.8%, आयूष रघुवंशी 95.6%, आध्या जैन 95.6%, दिव्यांश रघुवंशी 94.8%, निकुंज रघुवंशी 94.4%, दीपेश शाक्य 93.2%, ललिता सेन 93.2%।



### सेंट जॉर्ज हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आरोन (हरिभूमि न्यूज)।** स्थानीय सेंट जॉर्ज हायर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संकायों में शानदार परिणाम प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि अपने अभिभावकों और क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। हाई स्कूल परीक्षा में अंतिम अहिरवार ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।वहीं आइशा धाकड़ ने 90% अंक लेकर द्वितीय स्थान और काजल रघुवंशी ने 89% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। गणित संकायःकुमकुम साहू (87%) प्रथम, राधिका रघुवंशी (83%) द्वितीय तथा इशिका रघुवंशी (76%) तृतीय स्थान पर रहीं। जीव विज्ञान संकायःरश्मि दांगी (86%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषिका रघुवंशी (74%) द्वितीय तथा अनुष्का ओझा (69%) तृतीय स्थान पर रहीं।वाणिज्य संकायःगुड़िया शर्मा (82%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्यम रघुवंशी द्वितीय तथा गौरव रघुवंशी तृतीय स्थान पर रहे। कला संकायः चांदनी खानम ने प्रथम तथा रिद्धिमा धाकड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की।परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्राचार्य शिवकुमार सक्सेना ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय के डायरेक्टर केशव यादव ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में सेंट जॉर्ज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करेगा।



### वंदना कॉन्वेंट स्कूल का कक्षा 10 में 100% रिजल्ट 259 के 259 विद्यार्थी पास, टॉपर्स ने 98% से अधिक अंक किए हासिल

**गुना(हरिभूमि न्यूज)।**स्थानीय वंदना कान्वेंट स्कूल ने एक बार फिर शानदार शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत (100%) सफलता दर्ज की है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा घोषित परिणामों में विद्यालय के सभी 259 विद्यार्थी सफल रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय की मेधावी छात्रा हिमिशा रघुवंशी ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।अर्चित गोस्वामी ने 97.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि समृद्धि सिंह ने 97.6% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के 42 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। अंग्रेजी विषय में हिमिशा रघुवंशी और समृद्धि सिंह ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान विषय में अर्चित गोस्वामी और समृद्धि सिंह ने भी शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं तानिशी चौधरी और तानिष्क नरवरिया ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विषय में पूर्ण अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या कैथरीन वट्टोली एवं उप-प्राचार्या सिस्टर जान्सी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।



### दिलीप सेन पुनः ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने

**गुना(हरिभूमि न्यूज)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने दिलीप सेन जर्दा पर पुनः विश्वास जताते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।जिला अध्यक्ष बनने पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं, आतिशबाजी की गई और गीत-संगीत के साथ खुशी जाहिर की गई। कार्यकर्ताओं ने दिलीप सेन को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि दिलीप सेन लंबे समय से भाजपा की रीति-नीति के तहत सक्रिय रहे हैं और जिलेभर में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। सभी वर्गों में उनकी सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है।नियुक्ति के बाद दिलीप सेन ने विधायक पन्नालाल शाक्य एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा से भेंट कर आभार व्यक्त किया। साथ ही सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अंबेडकर भवन स्थित कार्यालय में भी उनके समर्थकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।




## फेल होने की खबर सुनकर 12वीं की छात्रा ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

### इस बार सरकार दे रही है छात्र-छात्राओं को सेकंड एग्जाम का सुनहरा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सेकंड एग्जाम का सुनहरा विकल्प होने के बावजूद अगर बच्चे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं तो यह है मानसिकता समझ से परे है। शहर के एक छात्रा ने 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की खबर सुनकर कुछ ही घंटे बाद जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया और अब जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए जिला अस्पताल में भर्ती है। इस घटना ने न केवल अभिभावकों में बल्कि पूरे शहर में लोगों को स्तब्ध कर दिया है।वहीं सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयासों पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है।

**यह है सुनहरा मौकाः** एमपी बोर्ड 2026 के 10वीं-12वीं के छात्र जो अनुत्तीर्ण हुए हैं या अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें 7 मई 2026 से शुरू होने वाली द्वितीय परीक्षा में बैठने का सुनहरा मौका मिलेगा। यह पुरानी 'सप्लीमेंट्री' प्रणाली का नया रूप है, जो छात्रों को अपना रिजल्ट सुधारने और साल बचाने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है।

**परीक्षा शुरूः 7 मई 2026 आवेदन प्रक्रियाः** छात्र MPOnline पोर्टल के माध्यम से इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र, या वे जो प्राप्त अंकों में सुधार करना चाहते हैं।



मोबाइल एप सुविधाः आवेदन के लिए MPBSE या MPMOBILE एप का उपयोग भी किया जा सकता है।

**उद्देश्यः** छात्रों को अनुत्तीर्ण होने या कम अंक आने पर हताश न होना पड़े और वे साल बर्बाद किए बिना परीक्षा में बेहतर अंक ला सकें।

**भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मौका :** सरकार द्वारा छात्रों को दूसरा मौका देकर उनके शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लिया गया ऐतिहासिक निर्णय है। हाल ही में जब इसकी घोषणा की गई थी तो अभिभावकों के माथे से चिंता की लकीरें कम हो गई थीं और छात्र छात्राओं ने भी बड़े निश्चिंत होकर परीक्षा दी थी ।लेकिन जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं, लगता है पूरे मानोयोग के साथ में सरकार की बात को समझने का प्रयास ही नहीं किया गया।

**कल ही कलेक्टर ने समझाया थाः** 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ऑनलाइन आए और उन्होंने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई देने के साथ असफल हुए छात्र-छात्राओं को भी बड़े ही गंभीरता पूर्वक समझने का प्रयास किया था कि यह कोई अंतिम अवसर नहीं है आप प्रयास करते रहिए सफलता अवश्य मिलेगी । उधर शिक्षा विभाग द्वारा भी छात्र-छात्राओं को पहले से आस्वस्त करके रखा है कि ज्यादा घबराने जरूरत नहीं है।

### गुना में गर्मी का कहर, लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे

## बुधवार बना सीजन का सबसे गर्म दिन, 41.7C पर तापमान

### पिछले पांच दिन से लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले पांच दिनों से लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया, जब अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।तेज धूप और बढ़ती गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा नजर आ रहा है, और लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।न केवल दिन का तापमान बढ़ रहा है, बल्कि रातें भी अब गर्म होने लगी हैं, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।



#### लू और शुष्क मौसम से बढ़ी परेशानी

कम आर्द्रता और तेज धूप के कारण वातावरण पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। दोपहर के समय गर्म हवाएं (लू) चलने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में भी दोपहर के समय भीड़ कम हो गई है।

#### विशेषज्ञों की चेतावनी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। साथ ही अधिक पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है, जिससे गर्मी का असर और अधिक तेज हो सकता है।

लगातार बढ़ रहा तापमान
पिछले पांच दिनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो तापमान में लगातार इजाफा देखा गया है—

16 अप्रैलः
अधिकतम 41.7C । न्यूनतम 24.5C

15 अप्रैलः
अधिकतम 40.3C । न्यूनतम 23.5C

14 अप्रैलः
अधिकतम 40.2C । न्यूनतम 21.5C

13 अप्रैलः
अधिकतम 38.5C । न्यूनतम 20.2C

12 अप्रैलः
अधिकतम 38.4C । न्यूनतम 20.0C

### योग करने वाला व्यक्ति कोई स्टील बॉडी का थोड़ी हैः स्वामी परमार्थदेव



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

योग करने वाला व्यक्ति कोई स्टील बॉडी का थोड़ी है उसके अंदर भी कई रोग हो सकते हैं जिसके जेनेटिक कारण भी हो सकते हैं लेकिन खान-पान और संयमित दिनचर्या एवं योग के नियमित अभ्यास से वह रोगों को अपने आप से दूर कर सकता है।

यह कहना है पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव का। पत्रकार वार्ता में यह बात उन्होंने उस प्रश्न के जवाब में कहीं जब पूछा गया कि जो लोग योग करते हैं वह भी असम मृत्यु को क्यों प्राप्त हो जाते हैं। उनके मुख्य आतिथ्य में बुधवार को विधिवत पूजन एवं हवन के साथ तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि योगिक जीवन शैली द्वारा मधुमेह, मोटापा, ब्लडप्रेशर, गठिया, डिप्रेशन जैसी बीमारियों के इलाज से छुटकारा पाया जा सकता है। सिर्फ योग ही नहीं खान-पान पर भी हमें विशेष ध्यान देना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं।

शिविर के पहले दिन स्वामी परमार्थ देव ने सैकड़ों लोगों को योग का अभ्यास कराया, जिसमें उन्होंने विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान और योगिक जीवन शैली द्वारा मधुमेह, मोटापा, ब्लडप्रेशर, गठिया, डिप्रेशन जैसी बीमारियों के इलाज से संबंधित योगों के विषय में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के प्रबंधन पर योग की विशेष क्रियाओं का योगाभ्यास कराते हुए कहा कि योग तनावमुक्त तथा व्याधिमुक्त जीवन जीने में सार्थक एवं अहम भूमिका है।

### जामनेर पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वालों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जामनेर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान सतर्कता दिखाते हुए एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने दो युवकों को लड़की के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़कर बड़ी घटना होने से पहले ही रोक लिया।जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल की रात जामनेर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पुलिस को एक मोटरसाइकिल पर दो युवक और एक नाबालिग लड़की संदिग्ध हालत में मिले। पूछताछ में युवकों की पहचान अभिषेक कोली (22 वर्ष) निवासी शिवपुरी और राहुल रजक (21 वर्ष) के रूप में हुई।जांच में सामने आया कि लड़की रायसेन जिले की निवासी है और उसके गुम होने की रिपोर्ट थाना सतलापुर में दर्ज थी। पुष्टि के बाद जामनेर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को थाने लाकर बालिका को सुरक्षित रखा।बाद में रायसेन पुलिस और परिजनों के पहुंचने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से एक संभावित गंभीर घटना को टाल दिया गया।

### हवाई जहाज यात्रा से नगालैंड शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी

**गुना ।** सांदीपनि विद्यालय मॉडल गुना के प्राचार्य आशीष टांटिया ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी नमन साहू और काम्या साहू शैक्षणिक भ्रमण हेतु 20 से 24 अप्रैल तक भारत के पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड की यात्रा करेंगे। इस भ्रमण के दौरान छात्र राज्य की लोक संस्कृति, भाषा, खान-पान और विविध जानकारी प्राप्त करेंगे। यह भ्रमण इसलिए विशेष है कि छात्र हवाई जहाज द्वारा दीमापुर और कोहिमा जाएंगे। सांदीपनि विद्यालय गुना जिले का एकमात्र विद्यालय है, जिसके विद्यार्थी इस भ्रमण के लिए चयनित हुए हैं। इससे पूर्व दो छात्र गुजरात भ्रमण के लिए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल,समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीसी प्रेरणा गुप्त सहित अन्य अधिकारियों ने शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले छात्र,छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

### ठगी का हैरान करने वाला मामला आया सामने

## घर के उद्घाटन का निमंत्रण कार्ड देने आया और गहने लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक शातिर व्यक्ति मेहमान बनकर घर में घुसा और महिला को बातों के जाल में फंसाकर सोने के जेवर लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी घर के उद्घाटन का निमंत्रण कार्ड देने के बहाने पहुंचा था। उसने महिला के मायके पक्ष के लोगों के नाम लेकर विश्वास जीता और करीब आधे घंटे तक उसे बातचीत में उलझाए रखा। इस दौरान महिला जैसे सम्मोहित हो गई और उसने अपने कान के सोने के टॉप्स व गले का मंगलसूत्र उतारकर आरोपी को सौंप दिए । गहने मिलते ही आरोपी सफेद शर्ट और नीले पैंट में स्कूटी से मौके से निकल गया। कुछ देर बाद महिला को अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है। उसने पड़ोसियों की मदद से पति सतीश व्यास को सूचना दी और चाचौड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। सतीश व्यास के अनुसार, शुरुआत में पुलिस ने घटना पर संदेह जताया, लेकिन पड़ोसियों की पुष्टि के बाद मामला दर्ज किया गया। तीन दिन बाद भी आरोपी का सुराग नहीं लग सका।

थाना प्रभारी नीरज सिंह राणा ने बताया कि आरोपी बिना नंबर की एक्टिवा से आया था और पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। टोल नाका व बीनागंज क्षेत्र के कैमरों में संदिग्ध दिखाई दिया है।

#### अनजान व्यक्तियों को घर में प्रवेश देने से पहले सतर्क रहें

बातों के सम्मोहन या सुनियोजित साजिश के जरिए की गई यह ठगी दर्शाती है कि अब अपराधी मनोवैज्ञानिक तरीकों से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान व्यक्तियों को घर में प्रवेश देने से पहले पूरी तरह सतर्क रहें।



## समाचार संक्षेप

### शासकीय सांदीपनि उमावि राघौगढ़ में बोर्ड परीक्षा परिणाम में मेरिट में रहे छात्रों व उनके अभिभावकों का सम्मान

**गुना।** शासकीय सांदीपनि उ.मा.वि. राघौगढ़ में कक्षा 10 में प्रथम स्थान सौरव चंदेल पुत्र गोविंद चंदेल 482/500 (96.4%) प्रतिशत द्वितीय स्थान



शहजान खान पुत्र सलाम खान 467/500 (93.4%) तृतीय स्थान मुस्कान धाकड़ पुत्री गिर्राज सिंह धाकड़ 454/500 (90.8) कक्षा 12 में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हल्की यादव पुत्री अशोक कुमार 470/500 (94%) द्वितीय स्थान संजू धाकड़ पुत्र सीताराम धाकड़ 445/500 (89%) तृतीय स्थान अजय धाकड़ पुत्र विमलेश धाकड़ 439/500 (87.8%) प्रावीण्य सूची का स्थान प्राप्त किया विद्यालय में कक्षा 10 में प्रथम श्रेणी में 78 विद्यार्थी एवं कक्षा 12 में 83 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यालय के 50 विद्यार्थी लेपटॉप के लिए पात्र कक्षा 12 के प्रथम स्थान पर रहे एक बालक अजय धाकड़ विज्ञान समूह एवं एक बालिका हल्की यादव कला समूह स्कूटी के लिए पात्र एवं विकासखण्ड स्तर पर विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रथम स्थान पर रहा इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय डॉ० अरविंद कुमार तिवारी एवं वरिष्ठ शिक्षक रंजना गुर्जर , बृजकिशोरी तिवारी , जितेंद्र कुमार जैन , प्रमोद श्रीवास्तव , कल्पना कुशवाह के द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सम्मान पुष्प माला के द्वारा किया गया एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।

### एनएसयूआई के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा समानता और शिक्षा के संदेश पर दिया जोर

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में एनएसयूआई छात्र संगठन के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का



आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एनएसयूआई के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के विचारों को याद किया। कॉलेज अध्यक्ष प्रशांत मेर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से सभी को समानता का अधिकार दिया और देश को एकता के सूत्र में बांधा। उन्होंने "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के संदेश को अपनाने की अपील की।कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने भी बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं एनएसयूआई के सदस्य मोंटी बुनकर, माखन वघेल, नितेश यादव, समर्थ अग्राल, यूनुस, अरुण बैरागी, शीतल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय समय परिवर्तन की मांग, सुबह पाली की अपील

**आरोन ।** कर्मचारी कांग्रेस, आरोन के अध्यक्ष दिलवर खान ने जिले में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों के हित में विद्यालयों का समय बदलने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक करने का आग्रह किया है।पत्र में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2026 से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन वर्तमान में पड़ रही तेज गर्मी के कारण बच्चों को दोपहर की धूप में विद्यालय जाना और कक्षाओं में बैठना कठिन हो रहा है। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए यदि विद्यालयों को प्रातःकालीन पाली में संचालित किया जाए तो बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी और पढ़ाई भी सुचारू रूप से चल सकेगी।अंत में उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मौसम की स्थिति को देखते हुए शीघ्र निर्णय लेकर विद्यालय समय में परिवर्तन किया जाए।

# खेल पखवाड़े के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विजयपुर



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एनएफएल विजयपुर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर 2 अप्रैल से 14 अप्रैल तक खेल पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महिला क्रिकेट टूर्नामेंट से इकाई प्रमुख श्रीमती एवं विनय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

खेल प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया उत्साहइस दौरान क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कैरम जैसी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। महिलाओं के लिए हिट विकेट, म्यूजिकल चेयर और लेमन स्पून रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने विशेष आकर्षण पैदा किया। मैत्री क्रिकेट मैच कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, 14 अप्रैल को प्रातः मैराथन रेस तथा शाम को बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।

सम्मान समारोह का आयोजन (15 अप्रैल)कार्यक्रम की सफलता के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल को सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खेल समितियों, जयंती समारोह समितियों तथा सिविल, इलेक्ट्रिकल, मेडिकल एवं अन्य सहयोगी विभागों को सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती एवं विनय कुमार गुप्ता जी (इकाई प्रमुख, एनएफएल विजयपुर) उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं संघ के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में विनोद केंद्र कार्यकारिणी, नेशनल फर्टिलाइजर्स इंप्लाइज यूनियन, नेशनल फर्टिलाइजर ऑफिसर्स एसोसिएशन, प्रबंधन, डीपीएस स्टाफ, कर्मचारीगण, महिला शक्ति एवं बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मुकेश कुमार अहिरवाल द्वारा किया गया। अंत में संघ के अध्यक्ष दौलत राम भिलाला ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता यात्रा राघौगढ़ पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

विश्व हिंदू परिषद के गुना विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता यात्रा 12 अप्रैल 2026 को अशोकनगर से प्रारंभ होकर गुना, आरोन होते हुए राघौगढ़ पहुंची। यहां रानीजी मंदिर के समीप जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।सभा को संबोधित करते हुए प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह टांक ने समाज में समरसता और एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को



मजबूत बनाने के लिए सभी वर्गों के बीच भाईचारा और समानता आवश्यक है।इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह योगी, विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह, सह मंत्री रामवीर, जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जितेंद्र बाल्मीक, सुभाष जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।सभा में समरसता टोली के सदस्य वीरेंद्र तिवारी, प्रदीप शर्मा, प्रताप जाटव, रामपाल यादव, श्रीराम सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता और एकजुटता का संदेश दिया गया।

# बल्लू अर्चना चौहान के निवास पर जुटे दिग्गज कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बालूजी चौहान (कलाफाड़) के निवास पर उस समय राजनीतिक गरिमा का माहौल देखने को मिला, जब कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उनके पुत्र के विवाह की बधाई देने पहुंचे।

इस अवसर पर राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधियों की



उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इनमें जिला सदस्य व जनपद अध्यक्ष चुन्नू भैया, पंचम भील, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. संजय मीणा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुंदरलाल सेनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता बिंडल भील, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चोकसे, युवा अध्यक्ष सौरभ यादव, रोहित मीणा , जिला सदस्य पवन भील सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

सभी उपस्थित नेताओं ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आत्मीयता और सौहार्द का माहौल देखने को मिला

### रुठियाई- बीना मेमू ट्रेन दो फेरे चलने के आदेश से हर्ष व्याप्त

**राघौगढ़।** सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने बीना- रुठियाई मेमू ट्रेन दो फेरे में चलने के आदेश पर हर्ष व्यक्त किया है एवं रेल मंत्री अश्विनी



वैष्णव को धन्यवाद दिया है। इस ट्रेन के दो फेर में चलने से आम रेल यात्रियों को राहत मिलेगी। विजय कुमार जैन ने अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार को भेजे पत्र में मांग की है कि मेमू ट्रेन क्रमांक 61612 का रुठियाई से बीना छूटने का समय रात्री 8:00 बजे के स्थान पर रात्री 8:30 बजे किया जाए। आपने उल्लेख किया है कि इंदौर से कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस क्रमांक 22984 इंदौर से चलकर रात्रि 8:20 बजे रुठियाई जंक्शन आती है। इस ट्रेन से इंदौर से चलकर गुना, शाढ़ौरा, अशोकनगर, पिपरई, मुंगावली जाने वाले यात्रियों को मेमो ट्रेन का समय बदल जाता है तो कनेक्टिविटी मिल जाएगी। अपने पत्र की प्रतिलिपि श्री दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, दीपक कुमार सिंह महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर, पंकज त्यागी मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को भेजी है।

# संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज जी की 726जयंति बड़े हर्षोल्लास से प्राचीन स्थल वाघबागेश्वर धाम चम्पावती चांचौड़ा में सेन समाज के कुछ संगठनों से आहत होकर समाज के वरिष्ठ एवं पुराने समाज सेवकों ने स्वयं आगे आकर इस जयंती को मनाने का बीड़ा उठाया।कार्यक्रम के अंतर्गत समाज की जागरूकता एवं भावी पीढ़ी को सही दिशा देने के उद्देश्य से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इसके पश्चात संत श्री सेन जी महाराज की भव्य महाआरती की गई, जिसमें सभी समाज बंधुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस अवसर पर समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया कि यदि भविष्य में सेन समाज को मजबूत और संगठित बनाना है, तो आपसी मतभेदों को भुलाकर एकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सैकड़ों समाज बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बीनागंज में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का 155 मरीजों का पंजीयन

**बीनागंज ।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर (म.प्र.) के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत बीनागंज में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया और कुल 155 मरीजों का पंजीयन किया गया।नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा सभी मरीजों की गहन जांच की गई, जिसमें कई मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। जांच के बाद 21 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, आनंदपुर रेफर किया गया, जहां उनके निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे।शिविर में 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा 65 मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं। सभी मरीजों को उचित



परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।शिविर के सफल संचालन में स्थानीय टीम और चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते आंखों की बीमारियों का उपचार हो सके।

# बैठक में कलेक्टर ने कहा 30 अप्रैल तक स्वंय कर सकते हैं स्वगणना

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2027 संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा स्वंय की स्व-गणना पोर्टल पर प्रारंभिक पंजीकरण कर स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण की। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि 16 अप्रैल से जिले में स्वगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होने कहा कि जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। जिलेवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दें। बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान



सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से नागरिक अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। स्वगणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की जाएगी। इस बार जनगणना में डिजिटल माध्यम का भी उपयोग किया जा रहा है। जिसमें नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। स्व-गणना हेतु निर्धारित पोर्टल प्रगणक द्वारा घर-घर सर्वे प्रारंभ होने के 15 दिन पूर्व सक्रिय किया जाएगा।



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परिचर्चा का किया आयोजन

**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में "जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को दो सत्रों में गतिविधियां आयोजित की गयीं। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के मार्गदर्शन एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट के नेतृत्व में किया गया। प्रातः कालीन सत्र में एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्भरण एवं उनके महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अपराह्न सत्र में विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा "जल है तो कल है" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। रैली में 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और जल संरक्षण से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इको क्लब समिति के सदस्य प्राची जैन, मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक एवं रानी शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# मंदिर के पास नियम विरुद्ध खुल रही शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

नगर के प्रसिद्ध प्राचीन हनुमानजी के मंदिर के समक्ष खोली जा रही है शराब की दुकान को लेकर जनता में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

छतरपुर के शराब ठेकेदार राजेंद्र राय द्वारा नियम को ताक पर रखकर मंदिर के पास कंपोजिट देशी-अंग्रेजी की शराब की दुकान खोली जा रही है जिसको लेकर नगर के लोगो ने तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है जिसमे लोगो ने आपत्ति दर्ज कर बताया है कि जिस जगह शराब की दुकान खोली जा रही है वहा हनुमानजी का प्राचीन मंदिर है जहाँ प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व धार्मिक आस्था के लोग जाते है यदि उस जगह शराब की दुकान का संचालन हुआ तो श्रद्धालुओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। आखिर आबकारी विभाग और प्रशासन इस ओर क्यों नही दे राह ध्यान।

**दुकान खुलने से लोगों में पनप रहा आक्रोश**




**कार्रवाई करेंगे**

यदि नियम विरोध देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान खोली जा रही है तो दिखवा कर कार्रवाई की जाएगी।
**आजाद आर्य** जिला आबकारी अधिकारी अशोकनगर

# पोषण पखवाड़ा के तहत देखभाल व शिक्षा गतिविधि का आयोजन

**अशोकनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अशोकनगर के निर्देशन में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 16 अप्रैल को परियोजना शहरी, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 77 पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधि" रही। कार्यक्रम के दौरान 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिनमें खेल-खेल में सीखना, पोषण संबंधी



जानकारी, स्वास्थ्य जांच, एवं स्वच्छता जागरूकता प्रमुख रूप से शामिल रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगीन गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर तृप्ति शर्मा, जिला समन्वयक रॉकेट लर्निंग (मिशन नीव) विपिन रघुवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंगो अहिरवार एवं आंगनवाड़ी सहायिका सीमा कुशवाह की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर बच्चों एवं अभिभावकों को संतुलित आहार, प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र विकास के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को, परीक्षा हेतु कंट्रोल रूम गठित

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल को दो सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्र प्रातः10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 02:15 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय का कार्य करेंगे। कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों में नरेन्द्र श्रीवास्तव (स्थाई कर्मी) को प्रभारी बनाया गया है। इनके मार्गदर्शन में पूर्णिमानन्द व्यास, गौरव दुबे, पंकज शर्मा, शिवम शर्मा, अक्षय प्रभाकर (सभी सहायक ग्रेड-03), अरूण प्रताप सिंह जादौन एवं नासिर खान (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा विजय वालू और कमलेश रजक (भृत्य) की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07543-225501 रहेगा, जिस पर परीक्षा से संबंधित जानकारी एवं सहायता प्राप्त की जा सकेगी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान फिस्किंग एवं बायोमेट्रिक पहचान की नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस हेतु समस्त परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से परीक्षा के 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना हैं।

# टीएव्ही स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वी एवं 12वी परीक्षा परिणाम में नगर के टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बता दें कि कक्षा 10वी में स्कूल के सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय में राजा बाबू यादव ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए 97 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। राज विश्वकर्मा 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही संस्कृति यादव ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया, चैथे स्थान पर निखिल ग्वाल रहे। कक्षा 12वी के परिणाम में राधिका यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है दूसरे स्थान पर प्रतीक्षा अवस्थी रही उन्होंने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, तृतीय स्थान पर कोयना जैन रही 89.40 प्रतिशत प्राप्त किए माही साहू ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

स्कूल के सभी विद्यार्थीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया और सभी बच्चे अच्छे अंको के साथ पास हुएं शिक्षा एवं खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने



वाले टीएव्ही स्कूल की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय में सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए विद्यालय के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में पास होकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है स वही स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, स्कूल सीईओ पुनीत जैन, प्राचार्य डॉ धमप्रिया, खेल प्रशिक्षक जावेद खान शिक्षक बृजेंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार, प्रियंका जैन, सची जैन, मोहिनी सुमन, शादाब खान, प्रियंका जैन अभिषेक शर्मा,सागर सुमन अंबर शाह सहित समस्त स्टाफ एवं नगर वासियों ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की है।

### विद्यार्थी परिषद ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 135वीं जयंती मनाई



**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चंदेरी इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर शासकीय मॉडल स्कूल, चंदेरी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार अहिरवार, चंदेरी भाग संयोजक ललित रघुवंशी एवं चंदेरी नगर मंत्री सौरव यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार अहिरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन संघर्ष एवं उनके शिक्षा के प्रति समर्पण के बारे में विस्तार से बताया। वहीं चंदेरी भाग संयोजक ललित रघुवंशी ने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान एवं उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नगर मंत्री सौरव यादव ने भी विद्यार्थियों को बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं परिषद के कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# संगोष्ठी में मानसिक स्वास्थ्य पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता जिला परियोजना अधिकारी चन्दसेना भिड़े एवं विशेष अतिथि मुक्ति परमार थी।

मुख्य वक्ता जिला परियोजना अधिकारी चन्दसेना भिड़े ने अपने उद्बबोदन में वर्तमान समय में पोषण की आवश्यकता एवं मानसिक स्वास्थ्य जोर देते हुये कहा कि सभी को मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुये ऐसी बातो से बचना चाहिये जो कि मानसिकता को दूषित करती है। महिलाओं पर समाज निर्माण की बहुत महती जिम्मेदारी है।



विशेष अतिथि मुक्ति परमार ने अपने व्याख्यान में कहा कि मानसिक स्वस्थ्यता से ही अच्छी मानसिकता का निर्माण होता है। इसलिये मानसिक स्वस्थ्यता अनिवार्य है। इस संगोष्ठी में आभार प्रदर्शन विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ.जयदीप पाराशर ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक बहादुरसिंह डाबर, डॉ.स्वराज जैन, डॉ. अनिलसिंह तोमर, क्रीडा अधिकारी डॉ. खिज्र अहमद खान, ग्रंथपाल डॉ. जितेन्द्र सोनी एवं कार्यालय सहायक बलवीरसिंह जाटव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### इमलीपुरा में पति पत्नि एक ही फंदे पर लटके मिले

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत एक पति पत्नि ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, उन्होंने साड़ी से फांसी लगाई। मृतकों में भूपेन्द्र आदिवासी उम्र 25 साल और मिश्री बाई आदिवासी उम्र 23 साल शामिल है। मृतक कदवाया थाने के अंतर्गत इमलीपुरा गांव के रहने वाले थे। उन्होंने अपने घर में ही फांसी लगाई। घटना की जानकारी तब सामने आई जब भूपेन्द्र की मां ने घर का दरवाजा देखा और कोई आवाज नहीं आई तब अन्दर जाकर देखा तो दोनो के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए थे, दोनों पति पत्नि मजदूरी करते थे, भूपेन्द्र के शराब पीने के कारण उनमें आपस में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना की सूचना मिलते ही कदवाया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया है।

### 1 घंटे में 2 अपहृत नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना देहात ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 1 घंटे में 2 नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने मे सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रेल को थाना देहात अंतर्गत फरियादी द्वारा अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहृत होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 215/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी दिन एक अन्य फरियादी द्वारा अपनी 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध क्रमांक 216/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी देहात को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों अपहृत नाबालिग बालिकाओं को महज 01 घण्टे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया गया।

### पानी के उपयोग और निकासी पर चर्चा की गई

**अशोकनगर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा विकासखण्ड ईसागढ में सूक्ष्म सिंचाई पर कार्यशाला/पानी चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को जल के उपयोग एवं जल का उचित प्रबंधन के बारे में प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई में ड्रिप लाइन व स्प्रिंकलर सिंचाई से होने वाले लाभ व उद्देश्य के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषक बधुंओ से अपील की गई कि विभाग में पंजीयन करा कर योजनाओं का लाभले सकते है। प्रभारी अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित फल, सब्जी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार योजना, बागवानी यंत्रीकरण, संरक्षित खेती में पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, पर ड्राप मोर क्राप विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### साइबर सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी में विस्तार से चर्चा की गई

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता पुलिस विभाग के साइबर सेल के सहायक उप निरीक्षक मंजीत त्रिवेदी एवं विशेष अतिथि आरक्षक प्रशान्त भदौरिया थे। मुख्य वक्ता मंजीत त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता एवं बचाव पर जोर देते हुये कहा, ऑनलाइन संव्यवहार अधिक होने से साइबर अपराध सामने आ रहे है और साइबर ठगीफिशिंग एवं डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से व्यक्तियों को अर्थिक हानि पहुचाई जा रही है।

वर दूल्हा बनने और वधू दुल्हन बनने की तैयारियों में लगी

# अक्षय तृतीया के पर्व पर हजारों युवक युवतियां विवाह के बंधन में बंधेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में अप्रेल और मई का महीना जहां शादी विवाहों का महिना होता है वहीं यही समय मण्डियों में भीड़ भाड़ का रहता है, जिसके कारण अशोकनगर शहर के ग्रामीण अंचलों के लोग अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाहों को लेकर बाजार में निकल आए हैं। हर दुकान पर भीड़ है बाजार से निकलना मुश्किल है। वर पक्ष अपनी जरूरत का सामान खरीद रहा है और वधू पक्ष श्रृंगार से लेकर जरूरत की सामग्री खरीदने में लगा है।

अक्षय तृतीया का पर्व अशोकनगर शहर में दुकानदारों के लिए व्यवसाय की खुशी का संदेश लेकर आता है। यहां व्यवसाय के महीने अप्रैल और मई बड़े व्यापार के होते हैं लेकिन इस वर्ष जून के महीने में भी शादियों की लग्न होने के कारण जून के महीने में भी बाजार खूब चलेगें। शहर की कपड़ा, रेडीमेड, बर्तन, सरार्फा, सिंगार सामग्री, जनरल स्टोर, ब्यूटीपार्लर सभी जगह भीड़ है। शहर की सड़कों पर वाहनों का काफिला ही काफिला नजर आ रहा है अक्षय तृतीया पर शादियां तो है ही पूरे मई के महीने में शादियां हैं। जिसकी भीड़ अभी से बाजारों में नजर आ रही है दुकानदारों को सामान देने के लिए ग्राहकों को इंतजार कराना पड़ रहा है।

**शहर में शादियों को लेकर बाजार गुलजार, हर दुकान पर खरीदारों की भीड़**





अक्षय तृतीया का पर्व जिले भर में शादियों की धूम के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन विवाहों का बड़ी संख्या में आयोजन होता है। पहले कभी आयोजन विभिन्न समाजों द्वारा आयोजित किए जाते थे लेकिन जब से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की शुरुआत हुई है तब से अब समाजों की ओर से विवाहों के आयोजन नहीं होते। अब सामूहिक आयोजन मुख्यमंत्री कन्यादान के रूप में ही देखने को मिलते हैं लेकिन इस बार इस तरह के आयोजन नहीं है। कही सामुहिक विवाह है तो घर घर में शादियों का आयोजन है, शहर में तो शादियां यहीं जिले का कोई भी गांव ऐसा नहीं है जहां शादियां न हों। इस विवाह के आयोजन को लेकर जिले भर में वर-वधू के यहां शादियों की तैयारी चल रही है। शहर में भले ही शादियां कम हो लेकिन शहर की पिछड़ी बस्तीयों में जरूर विवाह के आयोजन हैं। जिले भर के ग्रामों में विवाहों का आयोजन हो रहा है जहां देखो वहां शहनाई की गूंज और घोड़े पर बैठने के लिए दूल्हे आतुर हैं।

### सैकड़ो जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे

हालाकिं मैरिज गार्डन बैंड, वाहन,घोड़ा आदि कम पड़ गए हैं ।ट्रेनों में भीड़ है बसों में भी लोगों को जगह नहीं मिल रही है लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाना है। अक्षय तृतीया पर होने वाले आयोजन को लेकर अशोकनगर शहर में लोगों की भीड़ बाजारों में देखने को मिली है यह भी अक्षय तृतीया के पर्व को लेकर है। यह दिन शादी विवाह के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। शुभ दिन भी इसलिए माना जाता है क्योंकि इस दिन विवाह के आयोजन के लिए तिथि निकलवाने की आवश्यकता नहीं होती। क्योंकि यह दिन अक्षय जिसका कभी क्षय न हो के रूप में माना जाता है। यह बिना शादी मुहूर्त के विवाह का दिन है इसलिए शहर से लेकर गांव तक लोगों के द्वारा इसे चुना जाता है और इस दिन विवाह के आयोजन होते हैं लेकिन विवाहों के आयोजन को लेकर अशोकनगर जिला प्रशासन सतर्क है और यह देखने में लगा है कि इन आयोजनों को लेकर कहीं नाबालिक लड़के लड़की का विवाह तो नहीं हो रहा है। कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जानकारी मिलने पर प्रशासन है वहां पहुंचकर ऐसे आयोजनों पर रोक लगाई जाएगी।

समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर धांधली

# किसानों के हक पर 'डाका' नवीन कृषि उपज मंडी में नियमों की उड़ी धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में विपणन सहकारी संस्था मुंगावली द्वारा संचालित गेहूं, चना, मसूर और सरसों के खरीदी केंद्रों पर भारी धांधली और अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इन केंद्रों पर खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। आलम यह है कि अन्नदाता की मेहनत की कमाई पर केंद्र संचालकों द्वारा खुलेआम डाका डाला जा रहा है।

तौल में बड़ी गड़बड़ी प्रति बोरी 2 किलो तक की अवैध मांग

खरीदी केंद्रों पर सबसे बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार तौल को लेकर देखने को मिल रहा है। चना, मसूर और सरसों में जहां प्रति बोरी 600 ग्राम अधिक वजन लिया जा रहा है वहीं गेहूं खरीदी में भ्रष्टाचार की इंतहा हो गई है। केंद्रों पर मौजूद किसानों ने बताया कि केंद्र संचालक द्वारा गेहूं की प्रत्येक बोरी पर 2 किलो अतिरिक्त उपज की मांग की जा रही है। यदि कोई किसान इसका विरोध करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। केंद्र संचालक उपज को खराब बताकर तौलने से इनकार कर देते हैं और घंटों बहाने बनाकर किसानों को परेशान किया जाता है।

**सर्वेयर नदारद, एसडीएम और तहसीलदार ने लगाई फटकारः** व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचीं तहसीलदार सोनम शर्मा को निरीक्षण के दौरान मौके पर सर्वेयर अनुपस्थित मिला। वहीं एसडीएम इसरार खान ने भी केंद्र का दौरा कर वहां पसरी अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम ने केंद्र संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। हालांकि प्रशासनिक सख्ती के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। नियमों के अनुसार एक किसान से प्रतिदिन अधिकतम 40 क्विंटल चना, मसूर या सरसों की तुलाई की जानी चाहिए। लेकिन मुंगावली केंद्र पर श्चहेतोंश को फायदा पहुँचाने का खेल चल रहा है।

### मूलभूत सुविधाओं का अभाव, मौसम की मार का डर

मंडी परिसर में वर्तमान में हजारों क्विंटल उपज खुले आसमान के नीचे पड़ी है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच यदि बारिश होती है, तो किसानों की मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी वहीं भीषण गर्मी में किसानों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। बैठने के लिए छाया और टेंट का इंतजाम न होने से दूर-दराज से आए किसान परेशान हैं। एक ही स्थान पर दो-दो केंद्रों (गेहूं और दलहन-तिलहन) के संचालन से भारी भीड़ और अव्यवस्था फैल रही है। विपणन संस्था की इस मनमानी और भ्रष्टाचार ने शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की फटकार के बाद इन केंद्रों पर लूट बंद होती है या भ्रष्टाचार का यह खेल इसी तरह बदस्तूर जारी रहेगा।

# संस्कार एकेडमी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल का मध्यप्रदेश बोर्ड कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्कार एकेडमी स्कूल जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जहां से प्रत्येक वर्ष जिला टॉपर विद्यार्थी निकलते हैं।

इस वर्ष भी विद्यालय की छात्रा अंशु राजा परमार ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। वहीं दूसरे स्थान पर



मानस रघुवंशी 91 प्रतिशत अंकों के साथ रहे तथा तीसरे स्थान पर कृष रघुवंशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्कार एकेडमी स्कूल अपने विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं जैसे रोबोटिक लैब उपलब्ध कराता है, जिससे छात्रों के तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राज पराशर, डायरेक्टर राजदीप सिंह एवं प्राचार्य वी. सी. जयन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

छात्रा पूजा यादव ने कृषि संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# श्री वर्धमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने फिर लहराया परचम

**अशोकनगर।** स्थानीय श्री वर्धमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में 349 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 245 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कुल 289 छात्र-छात्राएँ उत्तीर्ण रहे परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा।



विद्यालय की छात्रा पूजा यादव ने 470 अंक प्राप्त कर कृषि संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में आशीष लोधी ने 446 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, जीव विज्ञान संकाय में सोनाली जाटव ने 421 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वाणिज्य संकाय में कु. उजाला ओझा ने 463 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कला संकाय में आरती रघुवंशी ने 430 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही विद्यालय में 91 छात्र-छात्राऐं ऐसे उत्तीर्ण हुए जिन्हे मुख्यमंत्री की लैपटोप योजना का लाभ प्राप्त होगा। विद्यालय से हाई स्कूल परीक्षा 2026 में 264 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 175 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कुल 216 छात्र-छात्राएँ उत्तीर्ण रहे परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा में छात्र आदित्य सेन ने 477 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कु. कामना रघुवंशी ने 472 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सचिव राजेन्द्र कुमार जैन (राजा) एवं प्राचार्य देवेन्द्र कुमार माथुर के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

घटना भोपाल में हुई, खुलासा बुर्का पहनकर घर लौटने पर हुआ

# धर्मांतरण के तार पिपरई से जुड़े, 3 नाबालिग से दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का मामला आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हिन्दू लड़कियों को मुस्लिम बनाने का मामला सामने आ रहा है। धर्मान्तरण के इस बड़े मामले में समझा जाता है कि इन बालिकाओं को धर्मान्तरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसमें किसी बड़े गिरोह के शामिल होने की संभावना है, जो अशोकनगर जिले के ग्रामीण अंचलो में काम कर रहा है। जो गरीब परिवारों की भोली भाली बालिकाओं को लालच दिखाकर उनका धर्मान्तरण किया जा रहा है। एक ऐसा ही ताजा मामला पिपरई जिला अशोकनगर का आया है, जिसमें 1 बालिका के धर्म परिवर्तन की कहानी सामने आई है। यह सारा घटनाक्रम भोपाल में हुआ, जब यह बालिका धर्मान्तरण के बाद बुर्का पहनकर अपने घर पिपरई वापिस लौटी तब यह मामला सामने आया। धर्मान्तरण के साथ दुष्कर्म का मामला भी सामने आया है। इसमें दो अन्य बालिकाओं का भी धर्मान्तरण किया गया है जिसमें एक भोपाल की और दूसरी बिहार की है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि पिपरई की रहने वाली यह भोली भाली बालिकां इन बातों से अनभिज्ञ थीं की उनके साथ जो हो रहा है वह किसी सोची समझी चाल के साथ हो रहा है। इसकी कहानी तब सामने आई जब एक बालिका की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और पूरा घटनाक्रम बताया। उस समय बालिका मां के साथ में नहीं थी वह भोपाल में अपने मामा के घर गई हुई थी। उसे क्या पता था कि वह भोपाल अपने मामा के घर गई है वहां से बुर्का पहनकर लौटेगी। यह मामला गंभीर होने के बाद जब इस मामले की पिपरई पुलिस द्वारा तहकीकात की गई तब पूरी घटनाक्रम के मामले में अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा ने सारी स्थिति स्पष्ट कर दी।







उन्होंने बताया कि पिपरई की रहने वाली एक लड़की, लगभग 4 माह पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर अलतमश युवक से मिली थी, इस मुलाकात के बाद युवक ने उसे बहलाया फुसलाया और उसे अपने साथ ले गया जहां पीड़ति के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी युवक ने वहां पीड़ति का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किए जाने, दिनांक 7 नंवबर 2025 को प्रभात चौराहा, भोपाल के घर पर पीड़ति को डरा- धमकाकर दुष्कर्म किए जाने तथा 10-15 बार विभिन्न स्थानों पर जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए जाने, इसी प्रकार, पीड़ति की दो सहेलियां (उम्र 14 एवं 15 वर्ष, निवासी भोपाल) के साथ आरोपी आहत शेख निवासी जिंसी, भोपाल एवं अरहान अली निवासी जिंसी गल्ला मंडी, भोपाल द्वारा हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराए जाने तथा उनके साथ गलत कार्य किए जाने का मामला सामने आया है।

उक्त व्यक्ति आपस में घनिष्ठ मित्र होकर पीड़िताओं का ब्रेनवाश कर बुर्का पहनाने एवं गुप्त रूप से घूमने हेतु प्रेरित करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3(2)(व्ही) एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई है। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

**इनका कहना है**

भोपाल में 3 बालिकाओं से धर्म परिवर्तन कराकर हिन्दू से मुस्लिम बनाकर निकाह किए जाने का मामला सामने आया है। जिनसे दुष्कर्म भी किया गया है, एक बालिका पिपरई की रहने वाली और दो बालिकाएं जो उसकी सहेली है एक भोपाल और दूसरी बिहार की रहने वाली है। सभी की उम्र लगभग 17 साल है, आरोपी अभी फरार हैं उनकी तलाश के लिए एक टीम बनाई गई है।

**राजीव कुमार मिश्रा** पुलिस अधीक्षक अशोकगर

## एक विषय में फेल होने पर छात्रा को घर से भागने से रोका

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना शाढौरा पुलिस ने मात्र 3 घंटे के भीतर एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रेल की रात्रि में थाना शाढौरा पर सूचना प्राप्त हुई कि 17 वर्षीय नाबालिग बालिका अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उक्त सूचना पर थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक 100/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार को तत्काल अलग-अलग टीमें गठित कर बालिका की शीघ्र तलाश हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की गई। पुलिस की त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के परिणामस्वरूप बालिका को महज 03 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक विषय में अनुत्तीर्ण होने के कारण वह घरवालों के डर से घर छोड़कर ट्रेन से अहमदाबाद जाने की योजना बना रही थी। पुलिस द्वारा बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## जिले की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान पर खुशी व विद्यालय में प्रथम गुनगुन

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की परीक्षा परिणाम 15 अप्रेल को घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय द्रोपदी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कक्षा 10वी की छात्रा खुशी रघुवंशी पुत्री रामकृष्ण रघुवंशी ग्राम ककराई ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा



स्थान एवं तहसील शाढौरा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व परिवार तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वी की परीक्षा मे 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा गुनगुन जैन पुत्री संजय जैन ने विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार शुभकामनाए प्रेषित करता है। आशा करता है कि वह ऐसे ही हर क्षेत्र मे आगे बढें और प्रथम स्थान प्राप्त करें।

अशोकनगर स्टेशन से रवाना होते हुए ट्रेन

# भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 15 अप्रैल से एलएचबी रैक के साथ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा हैं। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित वुधवार से प्रारंभ किया गया। वुधवार की रात 9:30 बजे यह ट्रेन अशोकनगर स्टेशन पर पहुंची। प्रारंभिक तिथि से प्रभावी रेलगाड़ियाँ एलएचबी कोच में परिवर्तित 1) गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक



स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल 2026 से प्रभावी। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल 2026 से प्रभावी। परिवर्तित एलएचबी कोच कंपोजीशन इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय, 3 वातानुकूलित तृतीय, 2 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 19 एलएचबी कोच रहेंगे।

**इनका कहना है**

एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं उच्च गति क्षमता वाले होते हैं। जन सम्पर्क अधिकारी,पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

# राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल की प्रियंका रघुवंशी और कृष्णभान यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल के सत्र 2025-26 के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.5 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रियंका रघुवंशी पुत्री नितेश रघुवंशी ने बायोलॉजी विषय से 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, खुशी खटीक पुत्री आनंद खटीक ने एग्रीकल्चर विषय से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान वंदना यादव पुत्री अवधनारायण यादव ने एग्रीकल्चर विषय से 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान



एवं नमन शर्मा पुत्र सचिंद्र शर्मा ने मैथ्स एवं बायोलॉजी विषय से 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सौरभ कुशवाह पुत्र छोटेलाल एग्रीकल्चर विषय से 85.4 प्रतिशत सचिन पाल पुत्र नीरज पाल एग्रीकल्चर विषय से 84.2 प्रतिशत अतुल रघुवंशी पुत्र अरविंद रघुवंशी एग्रीकल्चर विषय से 82.4 प्रतिशत कृष्ण यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव एग्रीकल्चर विषय से 82.4 प्रतिशत राहुल कोरी पुत्र रामरतन कोरी एग्रीकल्चर विषय से 81 प्रतिशत अंक एवं कक्षा 10वीं में कृष्णभान यादव पुत्र राम सिंह ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, राधिका शिवहरे पुत्री महेश शिवहरे ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान माधव शर्मा पुत्र लॉरेंस शर्मा ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल मान बढ़ाया है।

## मेटरनिटी विंग के चिकित्सक का निजी अस्पताल से टाईअप प्रमुख वजह

# मेटरनिटी विंग से निजी अस्पतालों के लिए रेफर की जा रहीं प्रसूताएं

### क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग से पिछले तीन माहों में कईं डिलेवरी केस बाहर के अस्पतालों में रेफर किए जा चुके हैं। अस्पताल के रिकार्ड में भले ही इन डिलेवरी केसेज को हमीदिया अस्पताल दर्शाया जाता है लेकिन यहां से रेफर होने के उपरान्त अधिकांश प्रसूती मामलों की डिलेवरी राजगढ़ बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में हो रही है। बताया जा रहा है कि प्रसूती विंग के एक चिकित्सक का टाईअप उक्त निजी अस्पताल से है। यही वजह है कि कुछ नर्सों द्वारा प्रसूताओं के परिजनों को उक्त अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य किया जाता है। चूंकि, संबंधित प्रसूताओं के परिजन भी नहीं चाहते कि इंदौर या भोपाल जाकर सीजर करवाया जाए क्योंकि न इससे केवल उन्हें 50 से 60 हजार रुपए खर्च करने होंगे वहीं समय भी काफी लग जाया करेगा। ऐसे में राजगढ़ के ही निजी अस्पताल में सीजर की सुविधा मिलने के चलते संबंधित प्रसूता के परिजन निजी अस्पताल में ही सीजर करवा रहे हैं।

### नार्मल केसेज भी इसलिए किए जा रहे रेफर

आपको बतादें कि जिला अस्पताल की प्रसूती विंग से रेफर कईं नार्मल केसेज को गंभीर बताकर रेफर किया गया है। पूर्व में कईं ऐसे मामले सामने आए जिनमें गंभीर मामलों में भी संबंधित प्रसूता की नार्मल डिलेवरी को गई। दरअसल, प्रसूताओं के परिजनों को हाई बीपी, नवजात के पेट में उल्टा होने सहित ऐसे ही अन्य कारण बताकर इतना भयभीत कर किया जा रहा है कि वे मजबूरन उन्हें बाहर ले जाने या राजगढ़ के ही उक्त निजी अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल के चिकित्सक का बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल से टाईअप है। हालांकि, कार्यवाही से बचने दस्तावेजों में उनका नाम सम्मिलित नहीं है। परन्तु हरिभूमि के पास कईं ऐसे वीडियो उपलब्ध हैं जिनमें प्रसूती विंग के उक्त डॉक्टर निजी अस्पताल में आते हैं और जिला अस्पताल से रेफर प्रसूता के सीजर में मदद करते हैं।

### बदला गया था विंग का पूरा स्टाफ

करीब तीन वर्ष पूर्व मेटरनिटी विंग के स्टाफ द्वारा प्रसूताओं और उनके परिजनों से की जाने वाली पैसों की मांग के चलते तत्कालीन कलेक्टर डॉ. हर्ष दीक्षित ने पूरे स्टाफ को बदल दिया था। उसके बाद कुछ दिन हालात सुधरे लेकिन अब वापस से इस विंग से रुपयों, पैसे लिए जाने की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल का ढर्रा बिगड़ा हुआ है। सीएमएचओ और सिविल सर्जन मनमानी में लगे हुए हैं। प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी और डिलेवरी मामलों को लेकर मैंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की है।
**अमरसिंह यादव**, विधायक, राजगढ़

# पूरे जिले में आरंभ हुआ स्व-गणना कार्य 31 मई तक चलेगा जनगणना कार्यक्रम

## आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से कर सकते हैं स्व-गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार द्वारा पूरे देश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य आरंभ किया जा चुका है। इसी कड़ी में कल 16 अप्रेल से स्व-गणना आरंभ हुई है। यह कार्य आगामी 30 अप्रेल तक चलेगा एवं इसके उपरान्त 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण कार्य आरंभ होगा।

कल से आरंभ हुए स्व-गणना कार्य को कोई भी आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से पूर्ण कर सकता है। यहां घबराने की बात बिल्कुल नहीं है क्योंकि अगर आपके हाथ से कुछ गलत फिल हो जाता है तो घर-घर आने वाले प्रंगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे। स्व-गणना के पहले दिवस कईं आमजनों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा घर बैठे स्व-गणना करते हुए एसई आईडी प्राप्त की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे ने आमजनों से अपील की है कि स्व-गणना कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### ऐसे कर पाएंगे स्व-गणना

स्व-गणना के लिए आपको आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। साइट खुलने पर अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉग इन करना होगा। इसके उपरान्त डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें। सबमिशन के बाद आपको एसई आडी मिलेगी। इस आईडी का स्क्रीन शॉट लेकर सुरक्षित रखें या यह आईडी आपको मेसेज या ई-मेल के द्वारा भी सबमिशन के तुरंत बाद भेजी जाएगी। प्रंगणक आपके घर आएंगे तब उन्हें यह एसई आईडी प्रदान करें। इसके उपरान्त प्रंगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे।

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी ने रचा इतिहास कक्षा 10वीं में 100% रहा परीक्षा परिणाम




**जीरापुर।** एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं) में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है। विद्यालय में सबसे सर्वाधिक 94.2 प्रतिशत अंक अंजलि दांगी ने प्राप्त कर विधालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यश्वी गुप्ता (93ः), पियूष मोदी (92.8ः), हरिओम राठौर (91.6ः), सत्यनारायण राठौर (89.8ः) चंचल गुप्ता (89.6ः) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गोरवान्वित किया। प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। शैक्षणिक क्षेत्र में विधालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, 12वीं में शिवम के 96%



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शिवम गिरी ने कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवम गिरी की इस बेहतरीन उपलब्धि पर संस्था की ओर से उसके पिता एवं छात्र को विधालय मे फूल माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों ने और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। संस्था की ओर से छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है! छात्र ने बताया कि मेरे विधालय के शिक्षकों ने जो अच्छी पढ़ाई कराई उसी का परिणाम है साथ ही मेरे परिवार ने शैक्षणिक कार्य में हमेशा सहयोग किया। विद्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार , प्राचार्य दिनेश गुर्जर , डायरेक्टर शिव दांगी , कृपाल सिंह सोलंकी , अंकुश भावसार, जितेंद्र गुप्ता ,डा. बीएल गुर्जर ने उपस्थित होकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की!

### मेहनत और लगन से हासिल की सफलता विद्यालय और परिवार में खुशी की लहर



**खुजनेर।** पालीवाल पब्लिक हाई स्कूल ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा जिया पिता राजेष गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। जिया ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार, विद्यालय और पूरे नगर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य धर्मेंद्र व्यास ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की उम्मीद जताई है।

### विजया कॉन्वेंट स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मोहित नरबान ने जिले में टॉप किया



**जीरापुर।** विजया कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई कक्षा10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर और जिले का नाम रोशन किया। छात्र मोहित सिंह नरबान ने सर्वाधिक अंक 97.8ः प्राप्त कर जिला स्तर की टॉप सूची में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी रही। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अरविंद राठौर 97.2ः , शिवांश भावसार 96.6ः , आकांक्षा शर्मा 96.2ः , गिरिराज सिंह नरबान 95.8ः , यथार्थ शर्मा 95.4ः , चहल मित्तल94ः , उर्वशी गुप्ता 92.4ः , अक्षिता गुप्ता 91.6ः , आयुध पुष्पद 90.4ः , मीरा शर्मा 90ः , सारांश गुप्ता 90ः रहे।विद्यालय मैनेजर जोस कण्डूर, प्राचार्य बेबी पाथ्रोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, प्रो. मोहमद कुरैशी, शिक्षक जीतू , हेडमिस्ट्रेस मौली सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर ने साझा की जानकारी

# द्वितीय परीक्षा प्रणाली: कक्षा 10वीं के विद्यार्थी किन्हीं तीन विषयों की पुनः परीक्षा दे सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) द्वारा बुधवार शाम कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई से संबद्ध जिले के कुल 25 स्कूलों को मिलाकर 96.4 प्रतिशत परिणाम रहा है।

सीबीएसई डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर ए. साहा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा में लगभग 1600 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। उन्होंने बोर्ड द्वारा पूर्व में घोषित द्वितीय परीक्षा प्रणाली के संबंध में बताया कि इसके तहत विद्यार्थी यदि चाहें तो तीन विषयों में पुनः परीक्षा दे सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को अपने संबंधित विद्यालय में 3 दिवस के भीतर सूचना देना अनिवार्य होगा। विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों का चयन कर सकते हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षा का पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा के समान ही रहेगा। यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय बोर्ड परीक्षा हेतु आवेदन करता है, परंतु परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में वर्तमान घोषित परीक्षा परिणाम को ही मान्य माना जाएगा। जो विद्यार्थी अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले बच्चों में श्यामसुंदर गुप्ता 97.8 प्रतिशत स्वामी विवेकानंद स्कूल राजगढ़, दीपिका सिसोदिया 97.8 मास्टरमाइंड स्कूल, सारंगपुर, मोहित सिंह नरबन 97.8 विजय कॉन्वेंट स्कूल, आदित्य कुमार 96.8 ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, अदिति निगम 96.2 केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, अथर्व नागर 96.2 प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल, सुदिति यादव 96 प्रज्ञा सागर स्कूल नरसिंहगढ़, अभिनव सेन 96 प्रतिशत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अद्या शर्मा 96 प्रतिशत सेंट जोसेफ स्कूल नरसिंहगढ़ शामिल हैं।

## कमला बस ने मार दी किसान को टक्कर, 500 मीटर घसीटा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार सुबह सब्जी मंडी जा रहे एक किसान को तेज रफ्तार कमला बस ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 16 तलेनी निवासी गोरीलाल भिलाला 50 वर्ष गुरुवार सुबह अपने घर से साइकिल पर सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर-पाडल्या रोड के सामने पुराने एबी रोड पर इंदौर से गुना की ओर जा रही कमला बस ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद बस चालक ने वाहन नहीं रोका और गोरीलाल को लगभग 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। बाद में बस को थाने के सामने खड़ा कर दिया गया। इस हादसे में गोरीलाल भिलाला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# पक्षियों को बचाने एनएसयूआई के कार्यकर्ता पेड़ों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भीषण गर्मी में बैजुबान पक्षी प्यासे न रहें इसके लिए विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों द्वारा पेड़ों सहित अन्य अनुकूल स्थानों पर सकोरों(जलपात्र) बांधे जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ(एनएसयूआई) द्वारा भी पक्षी जल सेवा अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, शासकीय दफ्तरों, धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए पानी के सकारे लगाने का कार्य करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई पदाधिकारी जगमोहन वर्मा के नेतृत्व में कईं कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में पाने की सकोरे बांधे गए। इसके साथ ही कॉलेज के प्रोफेसर सहित अन्य कर्मचारियों को इन सकोरों में प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प दिलवाया गया। एनएसयूआई ने संगटन के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अपील की है कि वे भी अपने घर, दुकान या आसपास एक सकोरों रखकर बैजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दें।

## कालीसिंध किनारे कहासुनी के बाद हो गई झड़प

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, क्रॉस केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में बुधवार रात्रि को पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किला गेट निवासी सज्जाद अली की शिकायत पर शकील पिता शहजाद, अमन पिता शकील, मुन्ना पिता शकील, दानिश पिता रईस, गोलू पिता रशीद, रेहान पिता इमरान, इमरान पिता रशीद, शकील पिता शब्बीर और जॉकी के खिलाफ अपराध क्रमांक 309 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से मोइन अली की रिपोर्ट पर सज्जाद अली पिता सलीम, शादाब पिता सलीम और अब्दुल मलिक पिता गफ्फार अली के विरुद्ध भी अपराध क्रमांक 310 के तहत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि यह विवाद पुरानी आपसी रंजिश के चलते हुआ, जो कालीसिंध नदी किनारे अचानक बढ़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद झड़प हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्य सामने आने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पटवा कल्याण बोर्ड गठन की मांग मंत्री टैटवाल को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** गुरुवार को राज्य मंत्री गौतम टैटवाल के गृह निवास 'सेवा सदन' सारंगपुर में अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर 'पटवा कल्याण बोर्ड' के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता राजेन्द्र पटवा के नेतृत्व में पहुंचा। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री का पुष्पहार पहनाकर एवं भाजपा की पट्टिका भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्रीकांत पटवा (इंदौर), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्रकांत पटवा (जबलपुर), प्रदेश महामंत्री मदनगोपाल पटवा (बनखेड़ी-पिपरिया) तथा नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष व मंगल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पटेल (पटवा) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने अपने आधिकारिक लेटर पैड के माध्यम से वर्तमान में संचालित सामाजिक गतिविधियों और उत्थान कार्यों की जानकारी दी। चर्चा का मुख्य विषय पटवा समाज के समग्र विकास के लिए एक समर्पित 'कल्याण बोर्ड' की स्थापना रहा। मंत्री गौतम टेटवाल ने समाज की सराहना करते हुए कहा कि पटवा समाज मेहनती एवं ईमानदार है और राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन में लाने के लिए प्रयास तेज

# साथी हाथ बढ़ाना... 51 बावड़ियों में शुरू हुआ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत प्रशासन द्वारा जिले के परंपरागत जल-स्त्रोतों के संरक्षण एवं उन्हें पुर्नजीवित करने के प्रयास तेजी से किए जा रह हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ सहित विभिन्न जनपद क्षेत्रों में स्थित कुल 51 बावड़िया चिन्हित की गई हैं जहां साफ-सफाई, मरम्मत, पुताई सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं।

उक्त कार्य में न केवल स्थानीय ग्रामीणों, आमजनों, लोकसेवकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के मैदानी अमले सहित जागरुकजनों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राजगढ़ जनपद में 9 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं। कुछ बावड़ियों के कार्य पूर्ण हो चुकी हैं वहीं अन्य के कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। खिलचीपुर की 08 बावड़ियों में ग्राम स्तर पर जनसहभागिता के साथ पुताई, श्रमदान व सफाई कार्य जारी है। इसी तरह नरसिंहगढ़ जनपद में चिन्हित 15 बावड़ियों में से 12 में कार्य प्रगति पर है एवं 03 बावड़ियों में कार्य आवश्यक नहीं पाया गया। जीरापुर जनपद में 02 बावड़ियों, सारंगपुर जनपद में 05 बावड़ियों में साफ-सफाई व अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं वहीं शेष में रिपेयरिंग व सुधार कार्य जारी है।

### ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे जल

इस अभियान की प्रमुख विशेषता जिले में भू-जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही भू-जल पुनर्भरण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण है। इसके साथ ही परम्परागत जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना भी मुख्य उद्धेष्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने जिले के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने क्षेत्र की बावड़ियों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।